शारदा आ गई मेरे द्वार

पहने घघरिया ओढ़े चुनरिया,
हाथ लिए तलवार,
शारदा आ गई मेरे द्वार,
पहने घघरिया ओढ़े चुनरिया,
हाथ लिए तलवार,
शारदा आ गई मेरे द्वार।

भवन मैया का मईहर विराजे,
ध्वजा की अजब बहार,
शारदा आ गई मेरे द्वार॥

लाल लाल चूड़ी लाल लाल बिंदिया,
भक्त करें श्रृंगार,
शारदा आ गई मेरे द्वार॥

सुर नर मुनि सब आरती उतारें,
हो रही जय जैकार,
शारदा आ गई मेरे द्वार॥

हम सबको है तेरा सहारा,
करती सभी का उद्धार,
शारदा आ गई मेरे द्वार॥

पहने घघरिया ओढ़े चुनरिया,
हाथ लिए तलवार,
शारदा आ गई मेरे द्वार.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24113/title/shaarda-aa-gayi-mere-dawar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |